Re: Establishment of stadiums in Misrikh Parliamentary Constituency under Khelo India Programme

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): यह हमारे लिए गौरव की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माध्य म से देश में खेल की स्थिति व स्त र में सुधार करने, खेलों को बढ़ावा देने एवं नई प्रतिभाओं को तलाशने के उद्देश्या से ?खेलो इंडिया कार्यक्रम? योजना क्रियान्वित की है जिसके माध्यंम से व्यशक्तिगत विकास, समुदायिक विकास, आर्थिक विकास और राष्ट्री य विकास हेतु आयाम तैयार करना है ।

मैं अपने मिश्रित संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की युवा प्रतिभा को आगे लाने के लिए ?खेलों इंडिया कार्यक्रम? योजना के अंतर्गत बिल्हौर, संडीला और मिश्रिख में स्टिेडियम की स्थारपना किए जाने हेतु पत्र के माध्यंम से माननीय युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री जी से कई बार निवेदन कर चुका हूं ।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के बिल्हौलर, संडीला और मिश्रिख में ??खेलो इंडिया कार्यक्रम?? योजना के अंतर्गत स्टेबडियम की स्थासपना किए जाने हेतु सकारात्मखक कार्यवाही की जाए ।